विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला, 19 सितम्बर, 2013

संख्याः एल0एल0आर0–डी0(6)–32/2013–लेज.––हिमाचल प्रदेश राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 18–09–2013 को अनुमोदित हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना (संशोधन) विधेयक, 2013 (2013 का विधेयक संख्यांक 29) को वर्ष 2013 के अधिनियम संख्यांक 41 के रूप में संविधान के अनुच्छेद 348 (3) के अधीन उसके अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित हिमाचल प्रदेश ई–राजपत्र में प्रकारित करती हैं।

आदेश द्वारा,
चिराग भानु सिंह,
सचिव (विधि)।

————————

2013 का अधिनियम संख्यांक 41

हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना (संशोधन) अधिनियम, 2013

(राज्यपाल महोदया द्वारा तारीख 18 सितम्बर, 2013 को यथाअनुमोदित)

हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना अधिनियम, 1977 (1977 का अधिनियम संख्यांक 12) का और संशोधन करने के लिए **अधिनियम ।**

भारत गणराज्य के चौंसठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. **संक्षिप्त नाम.**––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना (संशोधन) अधिनियम, 2013 है ।

2. **बृहत् नाम का संशोधन.**––हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना, अधिनियम, 1977 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) के बृहत् नाम में "अपेक्षित भूमि के अनिवार्य अर्जन के लिए" शब्दों के पश्चात् किन्तु "और पूर्वोक्त विषयों से सम्बन्धित" शब्दों से पूर्व "और अपार्टमेंटों के निर्माण, विक्रय, अन्तरण और प्रबन्धन का विनियमन करने, कॉलोनियों को विनियमित करने तथा संप्रवर्तकों और सम्पदा अभिकर्ताओं का रजिस्ट्रीकरण करने और उन पर बाध्यताओं का प्रवर्तन कराने" शब्द और चिन्ह अन्तःस्थापित किए जाएंगे ।

3. **धारा 1 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थातः–

> "(3–क) इस अधिनियम के अधीन गठित अधिसूचित योजना क्षेत्र या विशेष क्षेत्र से बाहर अपार्टमेंट या कॉलोनियों के विकास के लिए प्रस्तावित किसी क्षेत्र को लागू होगा और ऐसे क्षेत्रों को योजना क्षेत्र समझा जाएगा ।"।

4. **धारा 2 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 2 में,–

(क) विद्यमान खण्ड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात्:–

"(ग) "भवन" के अन्तर्गत कोई संरचना या परिनिर्माण या संरचना अथवा परिनिर्माण का भाग, जो आवासीय, औद्योगिक, वाणिज्यिक या अन्य प्रयोजनों के उपयोग के लिए आशयित है, चाहे वास्तविक उपयोग में है या नहीं है । तथापि, अपार्टमेंट भवन से किसी भूमि पर निर्मित भवन अभिप्रेत होगा, जिसमें आठ से अधिक अपार्टमेंट हों या दो या अधिक भवन हों, जिनमें आठ से अधिक अपार्टमेंट हों अथवा कोई विद्यमान भवन, जिसे आठ से अधिक अपार्टमेंटों में संपरिवर्तित किया गया है;" और

(ख) खण्ड (ब) के पश्चात् निम्नलिखित नए खण्ड अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थातः–

"(भ) "विज्ञापन" से किसी प्लॉट या अपार्टमेंट के विक्रय करने या पटटे् पर देने की प्रस्थापना करने या किसी प्लॉट या अपार्टमेंट को क्रय करने के लिए, व्यक्तियों को आमन्त्रित करने या ऐसे प्रयोजनों के लिए अग्रिम देने अथवा निक्षेप करने के लिए, जन साधारण को किया गया दृष्यरूपण अभिप्रेत है, चाहे वह घोषणा या प्रदर्शन के माध्यम से हो या किसी अन्य रीति में हो;

(म) किसी अपार्टमेंट या प्लॉट के सम्बन्ध में "आबंटिती" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे सम्प्रवर्तक द्वारा, ऐसे अपार्टमेंट या प्लॉट का आंबटन, विक्रय या अन्यथा अन्तरण किया गया है;

(य) "अपार्टमेंट" से चाहे ब्लॉक, चैम्बर, निवास–एकक, फ्लैट, लॉट, परिसर कोष्ठावली (स्वीट),वासगृह पुकारा जाए या किसी अन्य नाम से पुकारा जाए, निवास, कार्यालय, दुकान, शोरूम या गोदाम के लिए या उपर्युक्त विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए आनुषंगिक किसी अन्य प्रकार के स्वतन्त्र रूप से प्रयोग के लिए प्रयुक्त या प्रयुक्त किए जाने के लिए आशयित किसी भवन में या प्लाट में, किसी सम्पत्ति का कोई अलग और स्वतःपूर्ण कोई भाग, जिसके अन्तर्गत उसकी किसी एक मंजिल या अधिक मंजिलों पर अवस्थित एक या अधिक कमरे या अहाते भी हैं, अभिप्रेत हैं, और जिनका सीधा निकास किसी सार्वजनिक गली, सड़क या राजमार्ग की ओर ऐसी गली या सड़क या राजमार्ग की ओर जाने वाले सामान्य क्षेत्र की ओर है और इसके अन्तर्गत ऐसा कोई गराज या कमरा भी है, चाहे वह ऐसे बहुमंजिला भवन से लगा हुआ हो या नहीं, जिसमें ऐसा अपार्टमेंट स्थित है, जो संप्रवर्तक ने ऐसे अपार्टमेंट के स्वामी को, यथास्थिति, किसी यान को खड़ा (पार्क) करने के लिए अथवा ऐसे अपार्टमेंट में नियोजित किसी घरेलू सहायक के निवास के लिए उपलब्ध करवाया गया है;

स्पष्टीकरण–I.––यदि कोई तहखाना, भूमिगत कक्ष, गराज, कमरा, दुकान या भण्डारण स्थान, किसी अपार्टमेंट से पृथक रूप से विक्रीत किया जाता है, तो इसे स्वतन्त्र अपार्टमेंट माना जाएगा और न कि किसी अन्य अपार्टमेंट का या सामान्य क्षेत्र तथा सुविधा का भाग रूप माना जाएगा।

स्पष्टीकरण–II.––दो या दो से अधिक अपार्टमेंटों में सफाई, धुलाई, स्नान या अन्य सुविधाओं के लिए सांझी व्यवस्था के होते हुए भी, अपार्टमेंटों को पृथक् और स्वतःपूर्ण माना जाएगा।

(यक) "अपार्टमेंट संख्यांक" से किसी अपार्टमेंट को अभिहित करने वाला संख्यांक, अक्षर या उनका संयोजन अभिप्रेत है;

(यख) "अपार्टमेंट स्वामी" से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी अपार्टमेंट का और ऐसे अपार्टमेंट के सामान्य क्षेत्रों और अनुलग्न सुविधाओं में किसी अविभक्त हित के, अपार्टमेंट के हस्तान्तरण विलेख में विनिर्दिष्ट प्रतिशत्ता के आधार पर स्वामी है;

(यग) "संगम" से किसी भवन के अपार्टमेंट के अधिकांश स्वामियों से युक्त कोई संगम अभिप्रेत है, जो हिमाचल प्रदेश कक्ष स्वामित्व अधिनियम, 1978 के अधीन संगम द्वारा बनाई गई उप–विधियों के अनुसार समूह के रूप में कार्य कर रहा है;

स्पष्टीकरण.–सहकारिता आवास सोसाइटी का कोई सदस्य या भागीदारी प्रकार का किराएदार या अवक्रय करार के अधीन कोई ऑबंटिती, संगम की सदस्यता का हकदार स्वामी समझा जाएगा।

(यघ) "भवन विनियम" से तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन, भवन या उसके भागों के परिनिर्माण या पुनः परिनिर्माण हेतु बनाए गए नियम या विनियम या उप–विधियां अभिप्रेत है और इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन विरचित मण्डलन (जोनिंग) विनियम भी इसमें सम्मिलित हैं;

(यङ) "कॉलोनी" से भूमि का ऐसा कोई क्षेत्र अभिप्रेत है, जो 2500 वर्गमीटर से कम न हो, जिसे आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक प्रयोजनों के लिए स्थलों (प्लाटों) में विभाजित किया गया हो या विभाजित किए जाने का प्रस्ताव है, किन्तु इसके अन्तर्गत लाल लकीर के अन्तर्गत आने वाले गाँव का आबादी देह क्षेत्र या फिरनी अथवा निम्न प्रयोजन के लिए भूमि का कोई क्षेत्र नहीं है–

(i) जो कुटुम्ब विभाजन, विरासत, उत्तराधिकार या न्यायसंगत अभिधृतियों के विभाजन, जो लाभ उपार्जित करने के उद्देश्य से नहीं किया गया हो, के परिणामस्वरूप विभाजित या विभाजित किए जाने के लिए प्रस्तावित होः

परन्तु ऐसा विभाजन, यथास्थिति, सहायक कलक्टर प्रथम ग्रेड या द्वितीय ग्रेड द्वारा सत्यापित हो; और

(ii) कारखाने के स्वामी द्वारा कारखाने में कार्य कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों के लिए आवास कॉलोनी बनाने हेतु चिन्हित की गई होः

परन्तु लाभ उपार्जित करने का कोई उद्देश्य न हो;

(यच) किसी भवन के सम्बन्ध में, "सामान्य क्षेत्र और सुविधाएं" से भवन के समस्त भाग या वह भूमि, जिस पर वह अवस्थित है और ऐसी भूमि और भवन के सभी सुखाचार, अधिकार, अनुलग्नक जो उस भूमि से सम्बन्धित है, जो किसी अपार्टमेंट स्वामी के अपार्टमेंट हस्तान्तरण विलेख के निबन्धनों के अनुसार न तो उसके अनन्य कब्जा में है, न ही किसी स्थानीय प्राधिकारी या अन्य लोक सेवा अभिकरण को सौंपे गए हैं या सौंपे जाने को आशयित है, अभिप्रेत है; और उसके अन्तर्गत सीमित सामान्य क्षेत्र तथा सुविधाएं हैं;

(यछ) "सामान्य व्यय" से अभिप्रेत है,–

(i) ऐसी सभी राशियां, जो सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं के प्रशासन, अनुरक्षण, मरम्मत या प्रतिस्थापन के व्ययों को चुकाने के लिए संगम द्वारा अपार्टमेंट स्वामियों पर विधिपूर्वक निर्धारित की जाती हैं;

(ii) इस अधिनियम या हिमाचल प्रदेश कक्ष स्वामित्व अधिनियम, 1978 (1978 का 41) के उपबन्धों के अधीन संगम द्वारा बनाई गई उप–विधियों द्वारा घोषित व्यय या सामान्य व्ययों के रूप में संगम द्वारा करार पाए जाते हैं; और

(iii) सरकारी या नगरपालिका कर, जिनमें भूमि का किराया और सम्पत्ति कर भी सम्मिलित है, जो प्रत्येक अपार्टमेंट के लिए पृथकतः निर्धारित नहीं है;

(यज) "विकास प्रभार" से बाह्य विकास संकर्मो और आन्तरिक विकास संकर्मो की लागत अभिप्रेत है;

(यझ) "विकास संकर्म" से बाह्य विकास संकर्म और आन्तरिक विकास संकर्म अभिप्रेत है;

(यञ) "सम्पदा अभिकर्ता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी व्यक्ति की ओर से अपनी सम्पत्ति के अन्तरण के संव्यवहार में किसी अन्य व्यक्ति से चाहे विक्रय, पट्टा, अनुज्ञप्ति, बन्धक के रूप में या अन्यथा बातचीत (वार्ता) करता है या कार्य करता है और अपनी सेवाओं के लिए कमीशन के रूप में पारिश्रमिक प्राप्त करता है, इसके अन्तर्गत वह व्यक्ति भी है जो ऐसे व्यक्तियों या उनके अभिकर्त्ताओं को वार्ता के लिए एक दूसरे से परिचय करवाता है;

स्पष्टीकरण.–कोई व्यक्ति जो इस खण्ड में यथाविहित कार्य करता है, सम्पदा अभिकर्ता माना जाएगा, यदि वह स्वयं को भूमि या आवास अभिकर्ता, सम्पत्ति या वास्तविक सम्पदा परामर्शी, सम्पत्ति व्यौहारी, सम्पत्ति अभिकर्ता के रूप में या किसी अन्य नाम से भी प्रस्तुत करता है।

(यट) "बाह्य विकास संकर्म" के अन्तर्गत सड़कें, सड़क प्रणालियां, जल आपूर्ति, मल वहन और जल–निकास प्रणालियां, विद्युत प्रदाय या अन्य कोई ऐसा संकर्म, जिसे कॉलोनी परिसर (परिधि) में या इसके बाहर इसके फायदे के लिए निष्पादित किया जा सकेगा;

(यठ) "आन्तरिक विकास संकर्म" से सड़कें, पैदल चलने के रास्ते, जल–आपूर्ति, मल–नालियां, नालियां, वर्षा जल–संग्रहण प्रणाली, वृक्ष रोपण, स्ट्रीट लॉइटिंग, सामुदायिक भवनों के लिए तथा मल वहन और मलिन जल का अभिक्रियान्वयन तथा निपटारा अथवा कॉलोनी में इसके उचित विकास के लिए आवश्यक कोई अन्य संकर्म अभिप्रेत है;

(यड) "संयुक्त कुटुम्ब" से अभिप्रेत है कोई हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब और अन्य व्यक्ति की दशा में कोई ऐसा समूह, जिसके सदस्यों का रूढ़ि के आधार पर सम्पत्ति या निवास में संयुक्त कब्जा है;

(यढ) "सीमित सामान्य क्षेत्र और सुविधाएं" से ऐसे सामान्य क्षेत्र और सुविधाएं अभिप्रेत हैं, जो किसी अपार्टमेंट के आबंटन, विक्रय या अन्तरण से पूर्व, संप्रवर्तक द्वारा लिखित रूप में इस प्रकार पदाभिहित की जाती है कि वे अन्य अपार्टमेंटों का अपवर्जन करके कतिपय अपार्टमेंटों के आवासियों द्वारा उपयोग के लिए आरक्षित है;

(यण) "स्थानीय प्राधिकरण" से हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 3 के अधीन गठित नगर निगम या नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 3 के अधीन गठित नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायत अथवा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अधीन गठित पंचायती राज संस्थाएं या इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित छावनी बोर्ड या कोई अन्य प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(यत) "प्राकृतिक आपदा" से किसी क्षेत्र में घटित प्राकृतिक या मानवकृत ऐसी विपत्ति, अनिष्ट, विपदा या गंभीर घटना अभिप्रेत है, जो संयोगवंश या असावधानीवश घटित हुई हो और जिसके परिणामस्वरूप जानी नुकसान, मानव पीड़ा या क्षति हुई हो तथा सम्पत्ति को नुकसान अथवा पर्यावरण को अपकर्ष या क्षति पहुंची हो, और ऐसी प्रकृति अथवा तीव्रता से घटित हुई हो, जिसे नियंत्रित करना प्रभावित क्षेत्र की जनता के वश से बाहर हो;

(यथ) "प्राकृतिक परिसंकट" से, किसी प्रदत्त क्षेत्र में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर, सम्भवतः प्राकृतिक दृश्यमान को नुकसान वाली घटना की सम्भावना अभिप्रेत है;

(यद) "प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी क्षेत्र" से ऐसे क्षेत्र अभिप्रेत हैं जिनमें,–

(i) भूकम्प के मध्यम से बहुत उच्च नुकसान के जोखिम वाले क्षेत्र; या
(ii) अद्वोधक बहाव अथवा बाढ़; या
(iii) संभावी भू–स्खलन की सम्भावना अथवा प्रवणता; या
(iv) इन परिसंकटों में से कोई एक या अधिक परिसंकटों की सम्भावना है;

(यध) ''व्यक्ति'' के अन्तर्गत कोई कम्पनी, फर्म, सहकारिता सोसाइटी, संयुक्त परिवार और व्यक्तियों का निगमित निकाय है;

(यन) ''विहित'' से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(यप) ''संप्रवर्तक'' से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है,–

(i) जो अपार्टमेंट से युक्त किसी भवन का निर्माण करता है या करवाता है या अन्य व्यक्तियों को सभी या कतिपय अपार्टमेंट की बिक्री के प्रयोजन के लिए किसी विद्यमान भवन या इसके किसी भाग को अपार्टमेंट में परिवर्तित करता है और उसके अन्तर्गत इसके समनुदेशिती भी हैं; या

(ii) जो भूमि को कॉलोनी में विकसित करता है, चाहे वह किन्हीं प्लॉटों (स्थलों) पर संरचना का निर्माण, अन्य व्यक्तियों को समस्त या कतिपय प्लॉटों (स्थलों) की, चाहे खुले या उन पर संरचना निर्मित है, बिक्री के प्रयोजन के लिए भी करता है या नहीं करता है; और

(iii) जो आठ से अधिक अपार्टमेंटों का निर्माण करता है या विद्यमान भवन को आठ से अधिक अपार्टमेंटों में परिवर्तित करता है या कॉलोनी विकसति करता है और व्यक्ति जो किसी योजना क्षेत्र में अपार्टमेंटों या प्लॉटों (स्थलों) की बिक्री करता है, भिन्न व्यक्ति है, पर के अन्तर्गत दोनों हैं;

स्पष्टीकरण.–कोई व्यक्ति जो इस खण्ड के उप–खण्ड (iii) में यथा वर्णित के अनुसार कार्य करता है, संप्रवर्तक समझा जाएगा, यदि,–

(i) वह स्वयं को निर्माणकर्ता (बिल्डर), कॉलोनाइजर, संविदाकार (कान्ट्रेक्टर), विकासक, सम्पदा संप्रवर्तक के रूप में या किसी अन्य नाम द्वारा प्रस्तुत करता है; या

(ii) उस भूमि, जिस पर भवन का निर्माण किया गया है या कॉलोनी विकसित की गई है, के स्वामी से मुखतारनामा के धारक के रूप में कार्य करने का दावा करता है; और

(यफ) ''सम्पत्ति'' से अभिप्रेत है भूमि, भवन, उसमें सभी अभिवृद्धियां और संरचनाएं, और उसके सभी सुखाचार, अधिकार, और उनसे सम्बन्धित अनुलग्नक और इसके अन्तर्गत भूमि में प्रत्येक प्रकार के अधिकार और हित है जो किसी व्यक्ति के पास अन्य व्यक्तियों के अपवर्जन में हो सकते हैं, जैसे कि कब्जा, हस्तक्षेप से मुक्त उपयोग और उपभोग, व्ययन का अधिकार, फ्रेन्चाइजिज और उत्तराधिकार।''।

5. **धारा 5 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 5 के खण्ड (ii) और (iii) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात्:–

"(ii) क्षेत्रों की प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी प्रवृति (प्रवणता) को दर्शाने वाला विद्यमान भूमि उपयोग नक्शा तैयार करना; और

(iii) प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी प्रवृत क्षेत्र के लिए भूमि उपयोग परिक्षेत्र हेतु विनियमन के दृष्टिगत क्षेत्रीय (रीजनल) योजना तैयार करना।"।

6. **धारा 14 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क), (ख) और (ग) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात्:–

''(क) क्षेत्रों की प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी प्रवृत्ति को दर्शाने वाला विद्यमान भूमि उपयोग नक्शा तैयार करेगा;

(ख) प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी प्रवृत्त क्षेत्र के लिए भूमि उपयोग हेतु विनियमन के दृष्टिगत अन्तरिम विकास योजना तैयार करेगा;

(ग) प्राकृतिक परिसंकटोन्मुखी प्रवृत क्षेत्र के लिए भूमि उपयोग हेतु विनियमन के दृष्टिगत विकास योजना तैयार करेगा; ''।

7. **धारा 17 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 में ,–

(क) खण्ड (छ) में "ऐसी इमारतों और संरचनाओं तथा'' शब्दों के पश्चात् किन्तु ''भूमि का उपयोग किया जा सकेगा'' शब्दों से पूर्व ''अग्रभाग नियन्त्रण और पहाड़ी वास्तुकला तथा पर्यावरण के अनुरूप ढलानदार छत के लिए विनियमों सहित" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे; और

(ख) खण्ड (ञ) में, ''बाढ़ नियन्त्रण'' शब्दों के पश्चात् किन्तु, "वायु और जल प्रदूषण" चिन्ह और शब्दों से पूर्व '' और भूस्खलन से संरक्षण'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

8. **धारा 18 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 18 में,–

(क) खण्ड (छ) में '' ऐसी इमारतों और संरचनाओं तथा'' शब्दों के पश्चात् किन्तु ''भूमि का उपयोग किया जा सकेगा'' शब्दों से पूर्व ''अग्रभाग नियन्त्रण और पहाड़ी वास्तुकला तथा

पर्यावरण के अनुरूप ढलानदार छत के लिए विनियमों सहित'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे; और

(ख) खण्ड (ञ) में, ''बाढ़ नियन्त्रण'' शब्दों के पश्चात् किन्तु, ",वायु और जल प्रदूषण'' चिन्ह और शब्दों से पूर्व ''और भूस्खलन से संरक्षण'' शब्द अन्तः स्थापित किए जाएंगे।

9. धारा 22 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (1) के खण्ड (ज) में, ''अन्य खुले स्थानों और'' शब्दों के पश्चात् किन्तु ''इमारतों, संरचनाओं और भूमि'' शब्दों और चिन्ह से पूर्व ''अग्रभाग नियन्त्रण और पहाड़ी वास्तुकला तथा पर्यावरण के अनुरूप ढलानदार छत के लिए विनियमों सहित'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

10. धारा 31–क का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 31–क में, ''इमारत का उपयोग करने से पूर्व'' शब्दों के पश्चात् किन्तु ''विहित रीति में'' शब्दों से पूर्व ''प्राकृतिक परिसंकटों से सुरक्षा के लिए उपबन्धों के अनुसार भूमि अनुसंधान रिपोर्ट और संरचनात्मक परिकल्पना आधारित रिपोर्ट सहित,'' शब्द और चिन्ह अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

11. धारा 38 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 38 में,–

(क) खण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(ड.) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के उल्लंघन में;"; और

(ख) अन्त में, निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

''परन्तु जुर्माने का अधिरोपण अप्राधिकृत निर्माण, कॉलोनियों या भवनों को विनियमित करने के लिए नहीं समझा जाएगा और निदेशक तीस दिन का नोटिस देने और सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् ऐसे अप्राधिकृत निर्माण को तोड़ सकेगा या हटा सकेगा। अप्राधिकृत निर्माण को तोड़ने या हटाने की बाबत उपगत रकम को ऐसे भवन के स्वामी से भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जाएगा।''।

12. धारा 39 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 39 में,–

(क) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

''(ग) धारा 38 के खण्ड (ड.) में विनिर्दिष्ट दशाओं में, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, अनुपालना को सुनिश्चित करने: और

(ख) उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रखी जाएगी, अर्थात्:–

''(2) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन नोटिस जारी करने के पश्चात् निदेशों का अनुपालन नहीं करता है तो उसे ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, किसी अप्राधिकृत विकास को, यथास्थिति, रोकने और या उसे सील करने का नोटिस दिया जाएगा।

13. धारा 77 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 77 की उपधारा (1) के परन्तुक में ''या नगर पंचायत'' शब्दों के पश्चात् किन्तु ''को शक्तियां प्रत्यायोजित की जाती है'' शब्दों से पूर्व ''या पंचायती राज संस्थाओं'' शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।''।

14. अध्याय 9–क और 9–ख का अन्तःस्थापन.–मूल अधिनियम के अध्याय–9 के पश्चात् निम्नलिखित अध्याय 9–क और 9–ख अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

"अध्याय 9–क

संप्रवर्तकों और सम्पदा अभिकर्ताओं का रजिस्ट्रीकरण

78क. रजिस्ट्रीकरण अनिवार्य.––(1) इस अधिनियम के अधीन प्रदान किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के निबन्धनों और शर्तों के अधीन या के अनुसार के सिवाय, कोई भी व्यक्ति, संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्त्ता का कारबार नहीं करेगा या ऐसे कारबार को करने हेतु स्वयं को व्यपदिष्ट या धारित नहीं करेगा।

(2) यथास्थिति, संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता के रूप में उपधारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन विहित प्ररूप में, विहित फीस के साथ निदेशक को किया जाएगा, निदेशक आवेदन की प्राप्ति पर आवेदक का नाम, इस अधिनियम के अधीन विहित प्ररूप में अनुरक्षित, यथास्थिति, संप्रवर्तक के रजिस्टर में, या सम्पदा अभिकर्त्ता के रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा और ऐसे व्यक्ति को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के निबन्धनों और शर्तों और इस अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार उसके कारबार को संचालित करने के लिए विहित प्ररूप में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

78ख. रजिस्ट्रीकरण के लिए शर्तें.––धारा 78क के उपबन्धों के अधीन किसी संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता को रजिस्ट्रीकृत करने और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान करने से पूर्व, निदेशक अपनी तुष्टि करेगा,––

(क) कि संप्रवर्तक स्वयं या उसके किसी एक कर्मचारी या फर्म के किसी एक भागीदार या कम्पनी का कोई एक निदेशक, यदि आवेदक, यथास्थिति, फर्म या कम्पनी है, संप्रवर्तक के कारबार के संचालन के लिए विहित अर्हताएं रखता है यदि आवेदन संप्रवर्तक के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए है;

(ख) कि आवेदक ऐसी अर्हताएं रखता हो, जैसी विहित की जाएं, यदि आवेदन सम्पदा अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए है;

(ग) कि आवेदक निदेशक को, ऐसी रकम के लिए ऐसी रीति में जैसी विहित की जाए या तो बैंक गारण्टी या प्रतिभूति दे दी है;

(घ) कि व्यक्ति ने विस्तृत परिसम्पत्तियों और दायित्वों को स्पष्टतया उपदर्शित करते हुए कार्यकलाप विवरण प्रस्तुत कर दिए हैं;

(ड.) कि आवेदक ने, किसी कम्पनी की दशा में, कम्पनी रजिस्ट्रार के पास निगमन के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर दिया है;

(च) कि किसी फर्म की दशा में, भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन सक्षम प्राधिकारी से रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर दिया है;

(छ) कि आवेदक ने पिछले तीन वर्षों की आयकर विवरणियों के साथ–साथ पैन की एक सत्यापित प्रति उपलब्ध करा दी है;

(ज) कि आवेदक ने पिछले पांच वर्षों के दौरान निष्पादित किए गए पूर्ववर्ती परियोजनाओं के ब्यौरे उनके समापन प्रमाण–पत्र के साथ प्रस्तुत कर दिए हैं; और

(झ) कि आवेदक इस अधिनियम या किसी अन्य विधि के अधीन नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध का सिद्धदोष नहीं है।

78ग. रजिस्ट्रीकरण की अवधि और नवीकरण.––धारा 78क के अधीन जारी संप्रवर्तक और सम्पदा अभिकर्त्ता का प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा और ऐसी अवधि के अवसान के पश्चात् इस निमित्त संप्रवर्तक और सम्पदा अभिकर्ता द्वारा विहित फीस के साथ किए गए आवेदन पर निदेशक द्वारा दो वर्ष की और अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकेगाः

परन्तु धारा 78ख में निर्दिष्ट शर्तें पूर्ण की जाती रहेगी और आवेदन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के अवसान से कम से कम तीन मास पूर्व किया गया है।

78घ. रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने से या नवीकृत करने से इन्कार.––यदि, आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, निदेशक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान करने से या नवीकृत करने से इन्कार कर देता है, तो वह इसके लिए लिखित में कारणों को अभिलखित करेगा और उन्हें आवेदक को संसूचित करेगा।

78ङ. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र का रद्दकरण.––(1) धारा 78क के अधीन प्रदान किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र, उपधारा (2) में वर्णित आधारों पर, निदेशक द्वारा, ऐसे रद्दकरण के लिए कारणों को लिखित में अभिलिखित कर आदेश द्वारा, रद्द किए जाने के लिए दायी होगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र रद्द किए जाने के लिए दायी होगा यदि, यथास्थिति, संप्रवर्तक और सम्पदा अभिकर्त्ता,–

(क) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र को, कारबार को चलाने की इच्छा न रखने के कारण, अभ्यर्पित कर देता है;

(ख) ने न्यायनिर्णीत करने के लिए आवेदन किया गया है या उसे दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है या अनुन्मोचित दिवालिया है;

(ग) को सक्षम न्यायालय द्वारा विकृतचित्त न्यायनिर्णीत किया गया है;

(घ) को इस अधिनियम या किसी विधि के अधीन नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया है, यदि सिद्धदोष है, तो उसके दोषसिद्धि से पांच वर्ष की अवधि बीत न गई हो; और

(ङ) ने रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के किन्हीं निबन्धनों या शर्तों का या इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के किन्हीं उपबन्धों का उल्लंघन किया है।

78च. रद्दकरण से पूर्व नोटिस.––(1) धारा 78 ड. के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र को रद्द करने से पूर्व निदेशक, यथास्थिति, संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता को, आधारों को विनिर्दिष्ट करते हुए और उससे कारण बताने की अपेक्षा करने वाला नोटिस देगा कि क्यों न रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र रद्द कर दिया जाए।

(2) यथास्थिति, संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता द्वारा पेश किए गए स्पष्टीकरण, यदि कोई है, पर विचार करने के पश्चात्, निदेशक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र रद्द कर सकेगा या ऐसा आदेश पारित करेगा, जैसा वह उचित समझे।

(3) उपधारा (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के रद्दकरण के मामले पर विनिश्चय लम्बित रहने पर, निदेशक, यथास्थिति, संप्रवर्तक या किसी सम्पदा अभिकर्ता का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र निलम्बित कर सकेगा।

(4) जहां इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण का कोई प्रमाण–पत्र निलम्बित या रद्द कर दिया जाता है, तो कोई व्यक्ति किसी प्रतिकर या उसकी बाबत संदत्त की गई किसी फीस के प्रतिदाय का हकदार नहीं होगा :

परन्तु यह कि यदि कोई व्यक्ति प्रारम्भिक स्तर पर ही अपना आवेदन वापिस लेना चाहता है तो वह ऐसी फीस के पचहत्तर प्रतिशत के प्रतिदाय का हकदार होगा।

78 छ. रद्दकरण के पश्चात् कारबार चलाया जाना.––जब धारा 78च के उपबन्धों के अधीन रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र निलम्बित या रद्द किया जाता है या जब इसका अवसान हो जाता है और धारा 78ग के उपबन्धों के अधीन नवीकृत नहीं किया जाता है, तो, यथास्थिति, संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता कारबार को कार्यान्वित करने से प्रविरत हो जाएगा और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के निलम्बन की अवधि के दौरान या रद्दकरण के पश्चात् उसके कारबार को अग्रसर करने में किसी कारबार या क्रियाकलाप और उसके समस्त परिणामों के लिए दायी होगाः

परन्तु यह कि जब रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन पर विनिश्चय लम्बित है तो ऐसी कोई उपधारणा नहीं की जाएगी, यदि रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण–पत्र की अवधि के अवसान पर कारबार किया जाता है।

78ज. लेखों और अभिलेखों का अनुरक्षण.––(1) प्रत्येक संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता ऐसे लेखे, रजिस्टर और अभिलेख ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, अनुरक्षित रखेगा।

(2) निदेशक समस्त मामलों की पर्याप्त विवरणियों को दर्शाते हुए ऐसा रजिस्टर, जैसा विहित किया जाए, अनुरक्षित रखेगा जिसमें धारा 78त के अधीन अनुज्ञप्ति या इस अध्याय के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया है या उसके द्वारा नामंजूर किया गया है और उक्त रजिस्टर समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को बिना प्रभार के निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा और ऐसे व्यक्ति उससे, ऐसी फीस के संदाय पर, जो निदेशक द्वारा अवधारित की जा सकेगी, उद्धरण प्राप्त करने के हकदार होंगे।

78झ. लेखा परीक्षा.––संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता अपने लेखों की प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समाप्त होने पर चार्टर्ड अकाउटैंट द्वारा लेखा परीक्षा करवाएगा और विहित रीति में ऐसे चार्टर्ड अकाउटैंट द्वारा सम्यक् रूप से अनुप्रमाणित और हस्ताक्षरित लेखों की विवरणी प्रस्तुत करेगा और लेखा परीक्षा के दौरान यह सत्यापित किया जाएगा कि विशिष्ट प्रयोजन के लिए संगृहीत रकम का किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया गया है।

78ञ. कालिक विवरिणयां.––प्रत्येक संप्रवर्तक या सम्पदा अभिकर्ता निदेशक को, ऐसी कालिक विवरणियां, जैसी विहित की जाएं, प्रस्तुत करेगा।

78ट. निरीक्षण.––अपनी तुष्टि के लिए कि, इस अधिनियम और तदधीन बनाए गए नियमों या इस अध्याय के अधीन प्रदान किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के निबन्धनों और शर्तों या संप्रवर्तक या किसी सम्पदा अभिकर्ता को इस अधिनियम की धारा 78 त के अधीन प्रदान की गई अनुज्ञप्ति की अपेक्षाओं का सम्यक् रूप से अनुपालन किया गया है, निदेशक, ऐसे कारबार के सम्बन्ध में किसी संप्रवर्तक या किसी सम्पदा

अभिकर्ता के किसी भी लेखे या अभिलेखों का, कारबार के समय के दौरान किसी भी समय पर, अपने समाधान के प्रयोजन के लिए, निरीक्षण कर सकेगा या निरीक्षण करवा सकेगा।

78ठ. अनिवार्यता प्रमाण–पत्र.––किसी संप्रर्वतक को जिसे प्राइवेट भू–स्वामियों से किसी परियोजना के लिए भूमि की व्यवस्था करने की आवश्यकता है, सरकार से अनिवार्यता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा ।

78ड. अनापत्ति प्रमाण–पत्र.––यदि विकास के लिए आशयित क्षेत्र नगर एवं ग्रामीण योजना क्षेत्रों से बाहर आता है तो सम्बद्ध संप्रवर्तक को अनिवार्यता प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन करने से पूर्व निदेशक से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अपेक्षित होगा ।

अध्याय 9–ख

अपार्टमेंटों, प्लॉटों और सम्पत्तियों की अभिवृद्धि सन्निर्माण, विक्रय, अन्तरण और प्रबन्धन का विनियमन

78 ढ. संप्रवर्तक के साधारण दायित्व.––(1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई संप्रवर्तक, जो किसी कॉलोनी का विकास करता है या जो भवन या अपार्टमेंटों का सन्निर्माण करता है या सन्निर्माण करने का आशय रखता है, किसी प्लॉट या किसी अपार्टमैंट को स्वामित्व आधार पर ले रहे या लेने का आशय रखने वाले व्यक्तियों के साथ समस्त संव्यवहारों में इस धारा में इसके पश्चात् वर्णित सूचना और अभिलेखों को देने या प्रस्तुत करने या दिलवाने या प्रस्तुत करवाने का दायी होगा ।

(2) कोई सप्रंवर्तक, जो कॉलोनी का विकास करता है या जो ऐसे भवन या अपार्टमेंट का सन्निर्माण करता है या सन्निर्माण करने का आशय रखता है, वह–

(क) उस भूमि जिस पर ऐसी कॉलोनी विकसित की गई है या ऐसे भवन का सन्निर्माण किया गया या सन्निर्माण किया जाना है, उसके हक के स्वरूप का पूर्ण और सत्य प्रकटन करेगा, भूमि का ऐसा हक, यथास्थिति, सहायक कलक्टर प्रथम ग्रेड या द्वितीय ग्रेड द्वारा, पूर्ववर्ती दस वर्षों से सम्बन्धित संव्यवहार का उसके द्वारा परीक्षण करने के पश्चात् सम्यक् रूप से प्रमाणित करवा लिया हो; और यदि भूमि किसी अन्य व्यक्ति के स्वामित्वाधीन है, तो ऐसी भूमि के स्वामी की, कॉलोनी के विकास या भवन के सन्निर्माण के लिए सहमति ले ली गई होः

परन्तु भू–स्वामी (भू–स्वामियों) की सहमति के आधार पर संप्रवर्तक को आशय–पत्र जारी किया जा सकेगा, किन्तु अनुज्ञप्ति केवल तभी जारी की जाएगी, जब संप्रवर्तक भूमि का स्पष्ट और पूर्ण हक अपने नाम अर्जित कर लेता है;

(ख) किसी अन्य पक्ष के ऐसी भूमि में या पर किसी अधिकार, हक, हित या दावे सहित ऐसी भूमि पर समस्त विल्लंगमों का पूर्ण और सत्य प्रकटीकरण करेगा;

(ग) सात दिन की सूचना या मांग पर निरीक्षण के लिए निम्नलिखित उपलब्ध करवाएगा,

(i) कॉलोनी का अभिन्यास और कॉलोनी के मामले में निदेशक द्वारा यथा अनुमोदित कॉलोनी में निष्पादित किए जाने वाले विकास संकर्मो की योजना; और

(ii) भूमि के साथ–साथ सामान्य क्षेत्र पर निर्मित या निर्मित की जाने वाली भवन की योजना और विनिर्देश और (विद्युत और जल प्रदाय, मलवहन और जल निकासी प्रणाली, लिफ्टों, अग्निशमन उपस्कर सहित) उपलब्ध करवाई गई सुविधाएं और सामान्य सेवाएं, ऐसी योजनाएं और विनिर्देश भवन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार होने चाहिए, जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन प्राधिकारी द्वारा, जिससे ऐसा करने की अपेक्षा की जाए भवन

और आनुषंगिक क्षेत्रों के किन भागों को सामान्य क्षेत्र के रूप में रखने का विचार है और अपार्टमेंटों के मामले में सुविधाएं दर्शाते हुए अनुमोदित किया जाना चाहिएः

परन्तु अपार्टमेंटों की संख्या और आकार, भवन विनियमों के अनुसार होना चाहिए, और अपार्टमेंटों का क्षेत्र ऐसी सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए जैसी निदेशक द्वारा नियत की जाए;

(घ) खण्ड (क), (ख) और (ग) में निर्दिष्ट समस्त दस्तावेज, योजनाओं और विनिर्देशों या उनकी प्रतियों को स्थल (साइट) पर और उसके कार्यालय में दर्शाना या रखना और प्लॉट या किसी अपार्टमेंट को लेने वाले या लेने का आशय रखने वाले व्यक्तियों के निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध करवाना और संगम का गठन हो जाने के पश्चात् वह इन अभिलेखों और भवन की स्वीकृत योजना की एक–एक प्रति संगम को प्रस्तुत करेगा;

(ङ) एक या अधिक लिफ्टों की व्यवस्था करने या किए जाने की व्यवस्था सहित फिक्सचरों, फिटिंगंज़ और सुख–सुविधाओं के स्वरूप को प्रकट करेगा;

(च) यदि संप्रवर्तक स्वयं भवन निर्माता है, डिजाईन के बारे में विहित विशिष्टियां और सन्निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री को युक्तियुक्त सूचना या मांग पर प्रकट करेगा और यदि संप्रवर्तक स्वयं भवन निर्माता नहीं है, तो सामग्री और भवन के सन्निर्माण के बारे में उसके द्वारा वास्तुविदों और ठेकेदारों से की गई समस्त संविदाओं को प्रकट करेगा;

(छ) लिखित में वह तारीख विनिर्दिष्ट करेगा, जिसको प्लॉट या अपार्टमेंट का कब्जा दिया जाना है और वह तद्नुसार ऐसा कब्जा सौंपेगा;

(ज) उसके सिवाय, जहां विनिर्दिष्ट प्लॉटों या अपार्टमेंटों के बारे में करार नहीं है और आबंटन लॉट द्वारा किया गया है, प्लॉटों या अपार्टमेंटों की, उनकी संख्या सहित, पक्षकारों के नाम और पते, जिन्होंने प्लॉट या अपार्टमेंट ले रखे है या लेने के लिए सहमत हैं, प्रभारित या उस पर प्रभारित किए जाने के लिए सहमत कीमत और निबन्धन और शर्तें, यदि कोई हों, जिन पर प्लॉटों या अपार्टमेंटों को ले रखा है या लेने के लिए सहमति दी है, की सूची तैयार करेगा और अनुरक्षित रखेगा;

(झ) जिन्होंने अपार्टमेंट ले रखे हैं या लेने हैं, ऐसे व्यक्तियों से गठित संगम का संचालन करने के लिए यथावत स्वरूप और निबन्धनों तथा शर्तों की यथावत् प्रकृति लिखित में दर्शाएगा;

(ञ) कब्जा लेने के लिए व्यक्तियों को तब तक अनुज्ञात नहीं करेगा, जब तक समुचित प्राधिकारी द्वारा किसी विधि के अधीन अपेक्षित अधिभोग प्रमाण–पत्र सम्यक् रूप से न दिया गया हो और जब तक कि ऐसा अधिभोग प्रमाण–पत्र न किया गया है, कोई भी व्यक्ति अपार्टमेंट का कब्जा नहीं ले सकेगा;

(ट) भू–किराया, यदि कोई हो, नगरपालिका या अन्य स्थानीय कर, जल एवं विद्युत प्रभार, राजस्व निर्धारण, बन्धकों पर ब्याज या अन्य विल्लंगमों, यदि कोई हों, सहित समस्त निर्गमों का पूर्ण और सत्य प्रकटीकरण करेगा;

(ठ) सन्निर्मित किए जाने वाले प्रस्तावित भवन और अपार्टमेंटों या विकसित की जाने वाली कॉलोनी की प्राक्कलित लागत का विवरण और रीति, जिस के द्वारा ऐसी लागत में वृद्धि विधिमान्य कारणों से पारस्परिक करार द्वारा यथा अनुमोदित की जाए, देगा;

(ड) ऐसी अन्य सूचना और अभिलेखों का, ऐसी रीति में जैसी विहित की जाए, पूर्ण और सत्य प्रकटीकरण करेगा; और

(ढ) मांग पर और युक्तियुक्त प्रभारों के संदाय पर, इस उपधारा के किन्हीं खण्डों में निर्दिष्ट ऐसे अभिलेखों की सही प्रतियां, जैसी विहित की जाए, प्रदान करेगा।

78ण. विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस जारी करना.––(1) कोई भी संप्रवर्तक, किसी अपार्टमेंट या प्लॉट के विक्रय के लिए प्रस्थापित करने वाला और उन व्यक्तियों को आमन्त्रित करने वाला, जो ऐसे अपार्टमेंट या प्लॉट लेना चाहते है, अग्रिम या निक्षेप प्राप्त करने के लिए, विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस तब तक जारी नहीं करेगा जब तक कि,–

(क) संप्रवर्तक धारा 78 क की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र धारित नहीं करता है और यह प्रवर्तन में है और इसे निलंबित या प्रतिसंहृत नहीं किया गया हो और इसकी क्रम संख्या विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस में वर्णित न हो;

(ख) विज्ञापन और प्रॉस्पेक्टस की एक प्रति, इसके जारी करने या प्रकाशन से पूर्व, निदेशक के कार्यालय में प्रस्तुत न कर दी हो; और

(ग) संप्रवर्तक, यथास्थिति, कॉलोनी या भवन के लिए, इस अधिनियम की धारा 78 त की उपधारा (3) के अधीन विधिमान्य अनुज्ञप्ति धारित न करता हो ।

(2) उपधारा (1) के अधीन जारी विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस, विक्रय के लिए प्रस्तावित अपार्टमेंटों और प्लॉटों का क्षेत्र, भूमि का हक, भूमि का विस्तार और अवस्थिति, संदेय मूल्य और कॉलोनियों की बाबत, कॉलोनी का अभिन्यास भी, कॉलोनी में किए जाने वाले विकासात्मक कार्यों के बारे में योजना और धारा 78–त की उपधारा (3) के अधीन निदेशक द्वारा जारी की गई अनुज्ञप्ति की क्रम संख्या और विधिमान्यता, और ऐसे अन्य मामले, जैसे विहित किए जाएं, का प्रकटीकरण करेगा ।

(3) विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस, संप्रवर्तक के कार्यालय में और स्थल (साइट) पर जहां भवन का सन्निर्माण किया जा रहा हो या भूमि पर, जो कॉलोनी के लिए विकसित की जा रही हो, इस धारा में और धारा 78ढ में विनिर्दिष्ट अभिलेखों सहित निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे ।

(4) जब कोई व्यक्ति, विज्ञापन या प्रास्पेक्टस पर विश्वास करके अग्रिम देता है या निक्षेप करता है और उसमें सम्मिलित किसी झूठी विवरणी के कारण उसे कोई हानि या नुकसान होता है, तो वह निम्न द्वारा क्षतिपूरित किया जाएगा,–

(क) संप्रवर्तक द्वारा, यदि वैयक्तिक है;

(ख) फर्म के प्रत्येक भागीदार द्वारा, यदि संप्रवर्तक कोई फर्म है;

(ग) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा जो विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस जारी करने के समय निदेशक है, यदि संप्रवर्तक कोई कम्पनी हैः

परन्तु ऐसा कोई व्यक्ति दायी नहीं होगा यदि वह यह साबित कर दे कि–

(क) विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस जारी करने से पूर्व, उसने निदेशक बनने की सहमति वापिस ले ली थी; या

(ख) विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस उसकी जानकारी या सहमति के बिना जारी किया गया था और इसके जारी होने का पता लगने पर, उसने तत्काल युक्तियुक्त सार्वजनिक सूचना जारी की हो कि यह उसकी जानकारी या सहमति के बिना जारी हुआ था; या

(ग) विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस जारी करने के पश्चात् और प्लॉट या अपार्टमेंट के क्रेताओं के साथ कोई करार करने से पूर्व, उसने, उसमें किसी झूठी विवरणी का पता चलने पर, उसने अपनी सहमति वापिस ले ली हो और अलग होने और उसके कारणों की युक्तियुक्त सार्वजनिक सूचना जारी की है ।

(5) जब किसी विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस में कोई असत्य कथन है तो, प्रत्येक व्यक्ति, जो इसको जारी करने के लिए प्राधिकृत है, ऐसी अवधि के कारावास से, जो तीन मास से कम नहीं होगा, किन्तु दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा या जुर्माने से जो पांच लाख रूपए से कम नहीं होगा, किन्तु जो दस लाख रूपए तक बढ़ाया जा सकेगा या दोनों से, दण्डनीय होगा, जब तक कि वह साबित न कर दे कि कथन तत्वहीन था, या उसके पास विश्वास करने का कारण था और विज्ञापन या प्रॉस्पेक्टस जारी करने के समय तक उसको विश्वास था कि कथन सत्य था ।

78त. भूमि को कॉलोनी में विकसित करना और भवन का सन्निर्माण.––(1) कोई संप्रर्वतक जो भूमि को कॉलोनी में विकसित करना चाहता है या भवन का सन्निर्माण करना चाहता है, विहित प्ररूप में, विहित सूचना सहित और विहित फीस सहित निदेशक को, इसके लिए, अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन करेगा और प्रत्येक कॉलोनी या भवन के लिए अलग–अलग अनुज्ञा अपेक्षित होगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर भूमि के हक, भूमि विस्तार और अवस्थिति, कॉलोनी का विस्तार करने की संप्रवर्तक की क्षमता, कॉलोनी का अभिन्यास, कॉलोनी के विकास का आस–पास के क्षेत्रों के साथ अनुरूप होना, कॉलोनी में किए जाने वाले विकास के कार्यों की योजना और ऐसे अन्य मामलों, जैसा यह उचित समझे, की जांच करने के पश्चात् और आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् तथा विहित प्राधिकारी की राय पर भी विचार करने के पश्चात्, लिखित में कारणों को अभिलिखित करके, ऐसी अनुज्ञा को प्रदान करने या इन्कार करने के आदेश पारित करेगा ।

(3) जहां उपधारा (2) के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने का आदेश किया जाता है, तो निदेशक, संप्रवर्तक द्वारा सात सौ रूपए प्रति वर्ग मीटर की दर से निर्धारित विकास प्रभारों का पच्चीस प्रतिशत या उसके भाग को विकास प्रभार के रूप में, बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करवाने के पश्चात् विहित प्ररूप में अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा और संप्रवर्तक द्वारा इस प्रकार प्रदत्त की गई अनुज्ञप्ति की शर्तों के अनुसार विकास संकर्मों को पूर्ण करने के लिए विहित प्ररूप में करार करने का जिम्मा ले लिया है:

परन्तु संप्रवर्तक, इस उपधारा के अधीन जमा किए गए बैंक ड्राफ्ट पर किसी तरह के ब्याज का हकदार नहीं होगा ।

(4) उपधारा (3) के अधीन प्रदान की गई अनुज्ञप्ति, तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी और तत्पश्चात् एक समय पर, विहित फीस के संदाय पर, दो वर्ष की अवधि के लिए निदेशक द्वारा नवीकृत की जा सकेगी।

(5) संप्रवर्तक सरकार द्वारा या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाले विकास कार्यों के लिए विकास प्रभारों का संदाय करने के लिए वचनबद्ध होने के लिए, करार करेगा।

(6) निदेशक, विकास प्रभारों और समय तथा रीति, जिसमें उपधारा (5) में निर्दिष्ट किए गए ऐसे प्रभार, यथास्थिति, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण को संदत्त किए जाएंगे, अवधारित करेगा।

(7) संप्रवर्तक या तो स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति या किसी इकाई द्वारा, कॉलोनी के अनुमोदित अभिन्यास के अनुसार, अवसंरचना, सुख–सुविधाओं और सामान्य सुविधाओं जैसे कि विद्यालयों, अस्पतालों, सामुदायिक केन्द्रों तथा इस प्रयोजन के लिए पृथक् भूमि पर, स्ट्रीट लाइटों सहित, अन्य सामुदायिक भवनों को विकसित करेगा। वह ऐसी भूमि और परिसम्पत्तियों को, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों सहित स्थानीय प्राधिकरण को ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी निदेशक द्वारा नियत की जाएं, सक्रिय हालत में सौंपेगा :

परन्तु उन सुख–सुविधाओं की बाबत, जो विद्यमान हैं या स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध करवाने के लिए प्रस्तावित हैं और निदेशक की यह राय है कि इन सुख–सुविधाओं में से किसी एक या अधिक सुख–सुविधा को उपलब्ध करवाना अनिवार्य नहीं है तो वह संप्रवर्तक को ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी वह उचित समझे, ऐसी सुख–सुविधाओं को या तो पूर्णतः या भागतः उपलब्ध करवाने से छूट प्रदान कर सकेगा।

(8) संप्रवर्तक सरकार द्वारा स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन, जिसमें कोई विकास प्राधिकरण भी है, समस्त आवासीय योजनाओं में, विकसित भूमि का कम से कम पच्चीस प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों/समाज के न्यूनतम आय वाले समूहों के लिए, ऐसी रीति में और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी विहित की जाएं, चिन्हित करेगा।

(9) संप्रवर्तक, निदेशक द्वारा जारी किए गए समस्त निदेशों की, अभिन्यास के निष्पादन की सम्यक अनुपालना और उस पर विकास कार्यों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पालना करेगा और ऐसे निष्पादन का निरीक्षण करने के लिए निदेशक को या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को, अनुज्ञप्त करेगाः

परन्तु संप्रवर्तक, स्थानीय प्राधिकरण या आंबटितियों को, यथास्थिति, कॉलोनी या अपार्टमेंट सौंपने से पूर्व, अनिवार्य अवसंरचना जैसे कि सड़कों, (मार्गों), पगडण्डियों, जल–आपूर्ति, मलवहन और स्ट्रीट लाइटों को प्रचलित आदेश में, पूर्ण रूप से व्यवस्थित करेगा।

(10) संप्रवर्तक, सक्रिय हालत में (रनिंग आर्डर) समस्त सड़कों, खुली जगहों, सार्वजनिक पार्कों और जन स्वास्थ्य सेवाओं का रख–रखाव और अनुरक्षण, उनके स्थानीय प्राधिकरण, जिसमें पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय या संगम सम्मिलित हैं, को अन्तरण की तारीख तक बिना किसी लागत (निःशुल्क) के करने के लिए जिम्मेवार होगा। जहां स्थानीय प्राधिकरणों, जिन में पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय भी सम्मिलित है, वहां, संप्रवर्तक ऐसे स्थानीय प्राधिकरणों को, ऐसे सेवा प्रभार, जैसे प्राधिकरणों द्वारा विहित किए जाएं, अन्तरण तक संदत्त करेगा।

(11) इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के किन्हीं उपबन्धों या उपधारा (3) के अधीन प्रदान की गई अनुज्ञप्ति की किन्हीं शर्तों का संप्रवर्तक द्वारा उल्लंघन होने की दशा में, निदेशक, सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात्, अनुज्ञप्ति को रद्द कर सकेगा और उपधारा (3) के अधीन संप्रवर्तक द्वारा दी गई, ऐसी प्रतिभूति को समपहृत कर सकेगा।

(12) जब उपधारा (11) के अधीन अनुज्ञप्ति रद्द हो जाती है, तो निदेशक, विकास कार्यों को संप्रवर्तक के जोखिम पर क्रियान्वित करवाएगा और बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राप्त की गई रकम का समायोजन करने के पश्चात्, उक्त विकास कार्यों पर, संप्रवर्तक और आबंटितियों से, निदेशक द्वारा, उपगत किए गए शेष प्रभारों को, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करेगा।

(13) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, उपधारा (12) के अधीन विकास कार्यों को कार्यान्वित किए जाने के पश्चात् निदेशक, संप्रवर्तक को, विनिर्दिष्ट समय के भीतर आबंटितियों को भूमि का कब्जा और हक का अन्तरण करने के लिए समर्थ बनाने हेतु, रकम, जो निदेशक द्वारा विकास संकर्मों की लागत हेतु वसूल की जा सकेगी, के समायोजन के पश्चात्, आदेश द्वारा संप्रवर्तक को, आबंटितियों से देय अतिशेष रकम, यदि कोई हो, को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा और विनिर्दिष्ट समय के भीतर आबंटितियों को भूमि के कब्जे और हक का भी अन्तरण करेगा और यदि, संप्रवर्तक ऐसा करने में असफल रहता है, तो

निदेशक संप्रवर्तक की ओर से आबंटिती को रकम की प्राप्ति पर जो उससे देय थी, भूमि का कब्जा और हक का अन्तरण करेगा।

78थ. विक्रय करार.––(1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, संप्रवर्तक जो भवन या अपार्टमेंट का सन्निर्माण करने का आशय रखता है, या सन्निर्माण करता है, समस्त या जिसमें से कुछ का लिया जाना है या स्वामित्व के आधार पर लिया गया है, या जो कॉलानी में प्लॉट के विक्रय हेतु प्रस्ताव रखने का आशय रखता है, उसके अग्रिम संदाय या निक्षेप (डिपॉजिटस) के रूप में कोई राशि, जो विक्रय मूल्य का पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, को स्वीकृत करने से पूर्व, ऐसे प्रत्येक व्यक्ति जिसने, यथास्थिति, ऐसा अपार्टमेंट या प्लॉट लेना है या ले लिया है, से विक्रय हेतु लिखित करार किया जाएगा और करार विहित प्ररूप में, विहित दस्तावेजों के साथ किया जाएगाः

परन्तु यदि आबंटन के लिए, लॉट निकालने से पूर्व, आवेदक से केवल प्रतिदेय आवेदन फीस ही एकत्रित की जाती है, तो ऐसा करार केवल ऐसे लॉट के निकालने के पश्चात् ही अपेक्षित होगा।

(2) संप्रवर्तक उपधारा (1) के अधीन किए गए विक्रय करार को एक– पक्षीय रूप में रद्द नहीं करेगा और यदि उसके पास इसको रद्द करने का पर्याप्त हेतुक है, तो वह करार के अन्य पक्षकारों को सम्यक् नोटिस देगा और एकत्रित की गई पूरी रकम का बारह प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज की दर से प्रतिदाय करेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन विहित किए जाने वाले करार में, अपार्टमेंट की बाबत, इसके नीचे दिए गए खण्ड (क) में और कॉलोनी में प्लाटों की बाबत, खण्ड (ख) में अन्य बातों के साथ नीचे विनिर्दिष्ट विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी और ऐसे करार के साथ खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जाएंगी,–

(क) अपार्टमेंट के मामले में विशिष्टियां,–

(i) प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित विनिर्देशों और योजनाओं के अनुसार भवन का सन्निर्माण करने का संप्रवर्तक का दायित्व, जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन ऐसा करना अपेक्षित है, और उपयोग जिस हेतु अपार्टमेंट आशयित है और इसके उपयोग पर निबंधन का कथन, यदि कोई हो;

(ii) बालकॉनियों के क्षेत्र सहित, अपार्टमेंट क्षेत्र की कीमत और वह तारीख, जिसको अपार्टमेंट का कब्जा आबंटिती को दिया जाना है; और

(iii) सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं की आनुपातिक कीमत सहित सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं और सीमित सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं की प्रकृति, विस्तार और विवरण तथा अन्तराल, जिस पर अपार्टमेंट के आबंटिती द्वारा उनकी किश्तों को संदत्त किया जाना है। सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं तथा सीमित सामान्य क्षेत्रों और सुविधाओं में, अविभक्त हित की प्रतिशत्ता, यदि कोई हो, जो अपार्टमेंट से सम्बन्धित विक्रय करने के करार से सम्बन्धित हो, ऐसी प्रतिशतता समस्त अपार्टमेंटों के कुल निर्मित क्षेत्र के लिए अपार्टमेंट के विनिर्मित क्षेत्र के अनुपात में होगी;

(ख) कॉलोनी में प्लॉटों के मामले में विशिष्टियां,–

(i) तारीख, जिसको अपार्टमेंट का कब्जा आबंटिती को दिया जाना है; और

(ii) प्लॉट की कीमत और क्षेत्र की कीमत और क्षेत्र के साथ उपयोग का कथन, जिसके लिए अपार्टमेंट आशयित है और इसके उपयोग करने पर निर्बन्धन, यदि कोई हो;

(ग) करार के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की प्रतियां,–

(i) धारा 78 ढ की उपधारा (2) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट, यथास्थिति, सहायक कलक्टर प्रथम ग्रेड या द्वितीय ग्रेड द्वारा प्रमाण पत्र;

(ii) संप्रवर्तक के प्लॉट या भूमि, जिस पर अपार्टमेंटों के भवन का सन्निर्माण किया गया है या सन्निर्माण किया जाना है, पर हक की प्रकृति को दर्शाते हुए किसी सम्बन्धित राजस्व अभिलेख से प्रमाणित प्रति; और

(iii) प्राधिकरण द्वारा यथा अनुमोदित अपार्टमेंट के रेखांक (प्लानज़) और विनिर्देश, जिनका तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन ऐसा किया जाना अपेक्षित है।

78द. संप्रवर्तकों द्वारा लेखों का अनुरक्षण.––संप्रवर्तक समस्त अपेक्षित अनुज्ञाएं प्राप्त करेगा और अभिप्राप्त संदायों और उपगत व्ययों के उचित लेखे रखेगा और उन्हें, निदेशक को, जब कभी भी अपेक्षित हो, दिखाएगा।

78ध. अन्तरण तक प्रभारों के संदाय के लिए उत्तरदायित्व.––संप्रवर्तक, जब वह कब्जे में है, और जहां वह उन व्यक्तियों, जिन्होंने प्लॉट या अपार्टमेंट ले लिए हैं या लेने हैं, से प्रभारों के संदाय के लिए राशियां एकत्रित करता है, तत्पश्चात् भी, समस्त प्रभारों (भू–किराया, नगरपालिका या अन्य स्थानीय कर, जल या विद्युत के लिए प्रभार राजस्व निर्धारण, बंधक या अन्य विल्लंगमों पर ब्याज, यदि कोई हो सहित) को संदत्त करेगा, जब तक कि वह अपार्टमेंटों और प्लॉटों को लेने वाले व्यक्तियों को सम्पत्ति अंतरित नहीं कर देता, जहां कोई संप्रवर्तक, उन व्यक्तियों, जिन्होंने अपार्टमेंट या प्लॉट ले लिए हैं या लेने हैं, से उसके द्वारा एकत्रित समस्त या किसी भी प्रकार के प्रभार का, अपार्टमेंट और प्लॉट लेने वाले व्यक्तियों को सम्पत्ति अंतरित करने से पूर्व, संदाय करने में असफल रहता है, तो संप्रवर्तक, सम्पत्ति अंतरित होने के पश्चात् भी, प्राधिकरण या व्यक्ति, जिसको यह संदेय है, को ऐसे प्रभारों और शास्तिक प्रभारों, यदि कोई हों, का संदाय करने के लिए दायी रहेगा, और किसी भी विधिक कार्यवाही, जो इसके लिए ऐसे प्राधिकरण या व्यक्ति द्वारा इस निमित्त की जा सकेगी, के लिए दायी होगा।

78न. त्रुटियों के लिए कोई परिवर्तन या परिशोधन नहीं.––(1) प्राधिकरण द्वारा यथा अनुमोदित भवन के रेखांक (प्लानज) और विनिर्देशों, जो किसी विधि के अधीन ऐसा करने के लिए अपेक्षित है, का प्रकटीकरण या प्रस्तुतीकरण उस व्यक्ति को, जो किसी अपार्टमेंट को लेने को सहमत है, करने के पश्चात्, संप्रवर्तक,–

(i) उस व्यक्ति की पूर्व सहमति के बिना, ऐसे अपार्टमेंट की बाबत, उसमें वर्णित संरचनाओं में कोई परिवर्तन नही करेगा; या

(ii) उन समस्त व्यक्तियों, जो ऐसे भवन में अपार्टमेंट लेने के लिए सहमत है, की पूर्व सहमति के बिना, भवन की संरचना में कोई परिवर्तन या परिवर्धन नहीं करेगा या किसी अतिरिक्त संरचना का निर्माण नहीं करेगा।

(2) उपधारा (1) के उपबन्धों के अध्यधीन, भवन का उपरोक्त योजनाओं (प्लानज़) और विनिर्देशों के अनुसार सन्निर्माण और सम्पूर्ति की जाएगी और यदि भवन या उसमें उपयोग की गई सामग्री में कोई त्रुटि (कमी) या, यदि सन्निर्माण में कोई अप्राधिकृत परिवर्तन हो, उसे कब्जा सौंपने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर, संप्रवर्तक के नोटिस में लाया जाता है, तो संप्रवर्तक द्वारा जहां कहीं भी सम्भव हो, उन व्यक्तियों से, जो अपार्टमेंट लेने के लिए सहमत थे, कोई और प्रभार लिए बिना, त्रुटि को सुधारा जाएगा, और अन्य मामलों में ऐसे व्यक्ति, ऐसी त्रुटियों या परिवर्तन के लिए युक्तियुक्त प्रतिकर प्राप्त करने के हकदार होंगे और जहां भवन या उसमें उपयोग की गई सामग्री में किसी त्रुटि या निर्माण में किसी अप्राधिकृत परिवर्तन के

विषय में कोई विवाद हो, या क्या ऐसी किसी त्रुटि या परिवर्तन, जो संप्रवर्तक द्वारा युक्तियुक्त रूप से सुधारा जा सकता है या ऐसी किसी त्रुटि या परिवर्तन, जो संप्रवर्तक द्वारा सुधारा नहीं जा सकता है, या सुधारा नहीं गया है, की बाबत संदेय युक्तियुक्त प्रतिकर रकम की बाबत, मामला, ऐसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाए, कब्जा सौंपने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर, निदेशक के विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा और निदेशक पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, तथा और जांच, यदि कोई है, को करने के पश्चात्, ऐसा आदेश पारित कर सकेगा, जैसा वह उचित समझे, जो अन्तिम होगा।

78प. रकम का प्रतिदाय.––यदि संप्रवर्तक,–

(क) विनिर्दिष्ट तारीख को या पक्षकारों द्वारा सहमत किसी अन्य तारीख को, सम्यक् रूप से तैयार प्लॉट या अपार्टमेंट का कब्जा, क्रेता के साथ किए गए करार के निबन्धनों के अनुसार देने में असफल रहता है; या

